# न्यायालय सहायक कलैक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर
## जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर, ( आर0ए0एस0 )

रास्ता प्रा0पत्र सं0 : 07 सन 2017

अनवान :–

1. सिलोचना पत्नी प्रताप सिह जाति स्वामी निवासी बरवाली तहसील नोहर ।
2. बिमला पत्नी रामजीलाल जाति स्वाती निवासी बरवाली तहसील नोहर।

सायलान

बनाम

1. सिलोचना पत्नी रामचन्द जाति मेघवाल निवासी गढडा तहसील भादरा।

असल गैर सायलान

2. अमरसिह 3 किशोरीलाल 4 फुलचंद 5 ओमप्रकाश पि0 पतराम जाति स्वामी निवासी बरवाली तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

तरतीबी गैर सायलान

प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 251 (क) बाबत स्वीकृत करवाने बाबत।

उपस्थिति :– श्री मागेराम गोदारा अभिभाषक, सायलान

निर्णय दिनांक :– 28/12/2020

संक्षेप रूप में तथ्य इस प्रकार है कि सायल ने विरूद्ध गैर सायलान प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 251ए आर0टी0एक्ट0 इस आशय का पेश किया कि सायलान एवं गैरसायल न0 2 ता 5 की खातेदारी भूमि चक 13 एनटीआर के खाता संख्या 2/7 के प0न0 373/418(23) के किला न0 1 ,2 ,9 ता 11 व 20 /1.4670हैक , प0न0 372/418(24) के किला न0 3 ता 8 ,13 ता 15/2.2770हैक मु0न0 93/43 की 0.0510हैक गै0मु0 रास्ता कुल 3.7950हैक भूमि है तथा सायल के चिपते हुए गैरसायल न0 1 की खाता संख्या 142/66 के प0न0 373/418(23) किला न0 21/ 0.253 ,प0न0 372/418(24) के किला न0 16 ता 18 व 22 ता 25/1.7710हेक प0न0 372/419(25) के किला न0 1 ता 7/1.6440हैक मु0न0 96/18 की 0.1270हैक गै0मु0रास्ता कुल 3.7950हैक भूमि दर्ज है।

सायलान अपने खेत में आने जाने के लिए मन्जुर शुद्वा रास्ता से होकर आगे दो बीधा गैरसायल के खेत में से प0न0 372/418(24) के किला न0 18 व 23 में पश्चिम दिशा में दक्षिण से उत्तर चलकर अपने खेत में प्रवेश करते है क्योकि मन्जुर शुद्वा रास्ता खेत से 2 बीधा दुरी पर पडता है यही सबसे नजदीक व सुविधाजनक रास्ता है इसके अलावा अन्य कोई भी रास्ता नही है किन्तु उक्त रास्ता राजस्व रिकार्ड में स्वीकृत नही है इसलिये गैरसायल हमेशा उक्त रास्तें को बन्द करने की धमकी देते है इसलिये उक्त रास्तें को स्वीकृत करवाकर 1–1 बिश्वा रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जावें तथा रास्ते के बदले में आई भूमि के बदले में भूमि गैरसायल के चिपतें हुए देने को तैयार है।

अतः सायल का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मोजा चक 13 एनटीआर के खाता संख्या 142/66 के प0न0 372/418 (24) के किला न0 18 व 23 में पश्चिम दिशा में 1–1 बिश्वा रास्ता स्वीकृत किया जाकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश फरमावें।

सायल का प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैरसायलान को जरिये नोटिस तलब किया गया गैरसायल न0 1 को रजिस्टर सम्मन से तलब करने के उपरान्त भी न्यायालय में उपस्थित नही आने पर एकपक्षिय कार्यवाही की गई गैरसायल न0 2 ता 5 ने सायलान के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जो शामिल मिसल किया जाकर वकील सायलान को सुना गया ।

सायलान के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यो को दोहराते हुए निवेदन किया की सायलान एवं गैरसायल न0 2 ता 5 की खातेदारी भूमि चक 13 एनटीआर के खाता संख्या 2/7 के प0न0 373/418(23) के किला न0 1 ,2 ,9 ता 11 व 20 /1.4670हैक , प0न0 372/418(24) के किला न0 3 ता 8 ,13 ता 15/2.2770हैक मु0न0 93/43 की 0.0510हैक गै0मु0 रास्ता कुल 3.7950हैक भूमि है तथा सायल के चिपते हुए गैरसायल न0 1 की खाता संख्या 142/66 के प0न0 373/418(23) किला न0 21/ 0. 253 ,प0न0 372/418(24) के किला न0 16 ता 18 व 22 ता 25/1.7710हेक प0न0 372/419(25) के किला न0 1 ता 7/1.6440हैक मु0न0 96/18 की 0.1270हैक गै0मु0रास्ता कुल 3.7950हैक भूमि दर्ज है।

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

सायलान अपने खेत में आने जाने के लिए मन्जुर शुद्वा रास्ता से होकर आगे दो बीघा गैरसायल के खेत में से प0न0 372/418(24) के किला न0 18 ता 23 में पश्चिम दिशा में दक्षिण से उत्तर चलकर अपने खेत में प्रवेश करते है क्योकि मन्जुर शुद्वा रास्ता खेत से 2 बीघा दूरी पर पडता है यही सबसे नजदीक व सुविधाजनक रास्ता है इसके अलावा अन्य कोई भी रास्ता नही है किन्तु उक्त रास्ता राजस्व रिकार्ड में स्वीकृत नही है इसलिये गैरसायल हमेशा उक्त रास्तें को बन्द करने की धमकी देते है इसलिये उक्त रास्तें को स्वीकृत करवाकर 1–1 बिश्वा रास्ता राजस्व रिकार्ड मे दर्ज किया जावें तथा रास्ते के बदले में आई भूमि के बदले मे भूमि गैरसायल के चिपतें हुए देने को तैयार है।

हमने उभयपक्षों की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत दस्तावेजात के अनुसार सायलान एवं गैरसायलान एक दुसरे के चिपते हुए खातेदार काश्तकार है सायलान का कथन है कि उसे अपनी खातेदारी भूमि में जाने के लिये रास्ता नही है इसलिये रोही मोजा चक 13 एनटीआर के खाता संख्या 142/66 के प0न0 372/418 (24) के किला न0 18 व 23 में पश्चिम दिशा में 1–1 बिश्वा रास्ता स्वीकृत करवाना चाहते है क्योकि यह सबसे नजदीकी एवं सुविधाजनक रास्ता है।

सायलान के कथनों पर तहसीलदार नोहर से मौका रिपोर्ट मगवाई गई मौका रिपोर्ट के अनुसार सायलान की खातेदारी भूमि और स्वीकृत शुद्वा रास्ता के मध्य गैरसायल की भूमि है सायलान जहॉं से रास्ता चाहते है वह गैरसायल की भूमि के चिपते हुए स्वीकृत रास्ता से दो किला की दुरी पर है सायल की भूमि और स्वीकृत रास्ता के मध्य गैरसायल की भूमि है तहसीलदार नोहर की मौका रिपोर्ट के अनुसार सायल को प्रश्नगत रास्ता के अलावा अन्य कोई स्वीकृत शुद्वा रास्ता नही है सायलान को अपनी खातेदारी भूमि में जाने के लिये रास्ता की आवश्यकता है एवं प्रश्नगत रास्ता सायलान के लिये सुविधाजनक एवं निकटतम है।

किसी भी खातेदार काश्तकार को उसकी कृषि भूमि में आवागमन करने के लिये रास्ता की आवश्कता रहती है एवं काश्तकार को उसकी भूमि में रास्ता दिया जाना न्यायोचित है प्रकरण में सायलान को उसकी खातेदारी भूमि में जाने के लिये कोई रास्ता नही है जो तहसीलदार नोहर की मौका रिपोर्ट से साबित है अर्थात सायलान को उसकी खातेदारी भूमि में जाने के लिये रास्ता दिया जाना उचित है।

अतः सायलान का प्रार्थना पत्र तहसीलदार नोहर की मौका रिपोर्ट व गैरसायल न0 2 ता 5 की सहमति के आधार पर स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाकर रोही मोजा चक 13 एनटीआर के खाता संख्या 142/66 के प0न0 372/418 (24) के किला न0 18 व 23 में पश्चिम दिशा में 1–1 बिश्वा रास्ता स्वीकृत किया जाता है सायलान उक्त रास्ते में जितनी भूमि आती है उसके बदले में गैरसायल न0 1 को उसकी खातेदारी भूमि के चिपते हुए भूमि देगा इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे इसी आश्य का आदेश तहसीलदार नोहर को जारी किया जावें व्यय प्रार्थना पत्र उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगें पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

आदेश आज दिनांक 28/12/20 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
नोहर

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

# न्यायालय उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर जिला हनुमानगढ

क्रमांक : राजस्व / 2020 / 251(A)/2017/07 दिनांक 28.12.20

तहसीलदार ( राजस्व)
नोहर

विषय :– स्वीकृत रास्ता का राजस्व रिकार्ड में अंकन करने के सम्बध में प्रार्थना–पत्र सं0 07 सन 2017 निर्णय दिनांक 28/12/20

अनवान :–

अनवान :–

1. सिलोचना पत्नी प्रताप सिह जाति स्वामी निवारी बरवाली तहसील नोहर ।
2. बिमला पत्नी रामजीलाल जाति स्वाती निवासी बरवाली तहसील नोहर।

सायलान

बनाम

1. सिलोचना पत्नी रामचन्द जाति मेधवाल निवासी गढडा तहसील भादरा।

असल गैर सायलान

2. अमरसिह 3 किशोरीलाल 4 फुलचंद 5 ओमप्रकाश पि0 पतराम जाति स्वामी निवासी बरवाली तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

तरतीबी गैर सायलान

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रार्थना–पत्र संख्या 07 / 2017 उक्त अनवानी स्वीकार कर आदेश दिया गया है कि रोही मोजा चक 13 एनटीआर के खाता संख्या 142 / 66 के प0न0 372 / 418 (24) के किला न0 18 व 23 में पश्चिम दिशा में 1–1 बिश्वा रास्ता स्वीकृत किया जाता है सायलान उक्त रास्ते में जितनी भूमि आती है उसके बदले में गैरसायल न0 1 को उसकी खातेदारी भूमि के चिपते हुए भूमि दिये जाने आदेश पारित किये गय है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाकर पालना रिपोर्ट तुरन्त प्रस्तुत करे।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
नोहर

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner